भारतीय वायुसेना के लिए विमानों की खरीद

1014. **डा० बापू कालदाते** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार फ्रांस से दस वर्ष पुराने लड़ाकू विमान खरीदने पर विचार कर रही है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि पिछले तीन वर्षों के दौरान वायु सेना के अनेक विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने का वास्तविक कारण उनका पुराना होना था ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार भविष्य में वायुयानों के लिए पुराने विमान खरीदने के अपने प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने का इरादा रखती है ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रक्षा मंत्री (श्री शरद पवार) : (क) और (ख) जी, नहीं ।

(ग) और (घ) प्रश्न नहीं उठता ।

वाहन निर्माण कम्पनी, जबलपुर द्वारा झील का विकास

1015. **श्री शिव प्रसाद चनपुरिया** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजकीय इंजीनियरी कालेज जबलपुर के पीछे स्थित एक बडी प्राकृतिक झील "वाहन निर्माणी" कंपनी (वाहन निर्माण कंपनी) के अधिकार क्षेत्र में है ;

(ख) क्या इस झील का विकास करने के लिए इस वाहन निर्माण कंपनी ने कोई योजना बनाई है ; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में अभी तक कितनी प्रगति हुई है ?

रक्षा मंत्री (श्री शरद पवार) : (क) जी, नहीं ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) उपरोक्त (क) और (ख) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

ट्रांजिट कैम्प की स्थापना करने के लिए हिमाचल प्रदेश के किसानों को क्षतिपूर्ति का दिया जाना

1016. **श्री महेश्वर सिंह** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1991 में सरकार ने यह आश्वासन दिया था कि उनके मंत्रालय द्वारा फाटी बरुआ और फाटी पलयान कोठी मनाली, जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश में ट्रांजिस्ट कैम्प की स्थापना हेतु जिस भूमि का अधिगृहीत किया जाना है उस पर भूमि के कब्जे में लिए जाने से भूमि के अधिगृहीत किए जाने तक की अवधि के लिए भूमि-मालिकों को किराया दिया जाएगा तथा आसपास के क्षेत्र के किसानों से किराए पर ली गई भूमि के बीच स्थापित जनता को व्यावहारिक रूप से यथा सम्भव आने-जाने की सुविधा प्रदान की जाएगी ;

(ख) यदि हां, तो किस-किस किसान को अभी तक कितना-कितना किराया दिया गया है ; और

(ग) स्थानीय जनता को इस भूमि में से में आने जाने की क्या-क्या सुविधा दी गई है और यह कब से दी गई है ?

रक्षा मंत्री (श्री शरद पवार) : (क) से (ग) सरकार ने कहा था कि 12 फरवरी, 1991 को भू-स्वामियों को जुलाई, 1988 से किराए मुआवजे के रूप में प्राप्त प्रतिवर्ष 64,417 रु० की राशि मंजूर की गई है और स्थानीय सैन्य प्राधिकारियों को यह अनुदेश दिए गए हैं कि वे किसानों को हर संभव सहायता प्रदान करें ताकि उन्हें खेती करने के लिए अपनी भूमि में आने-जाने में कोई दिक्कत न हो ।

ऐसे किसानों/व्यक्तियों के नाम और उन्हें 1.7.1988 से 31.12.1990 तक की अवधि के लिए किराए-मुआवजे के रूप में अदा की गई राशि का ब्यौरा विवरण में दिया गया है । जहां तक 31 दिसम्बर, 1991 तक की अवधि के लिए भुगतान किए जाने का संबंध है, उसके लिए अपेक्षित धनराशि अलग से रख दी गई है और संबंधित रक्षा संपदा अधिकारियों को कहा जा चुका है कि वे किसानों को उन्हें देय राशि का भुगतान कर दें ।

सेना प्राधिकारियों ने अपने यहां से आदेश जारी कर दिए हैं कि स्थानीय किसानों को खेती बाडी करने के लिए अपनी भूमि में आने जाने के लिए सभी संभव सहायता दी जाए ।

विवरण

फाटी पलयान

1. श्री हेतु 2. श्री टेके राम 3. श्री देव रानी 4. श्री नैनी 5. श्री बुधो 6. श्रीमती हेमी चतरू	112.50 रुपए
7. श्री जीत राम 8. श्री शिव राम 9. श्री केवल राम 10. श्री अमर चन्द	14,907.50 रुपए
11. श्री पूरण चन्द 12. श्री दीन दयाल 13. श्री हेमी 14. श्री बेगी 15. श्री धन्नी	1,912,50 रुपए प्रत्येक
16. श्री पन्ना लाल 17. श्री वेद राम	3,970 रुपए
18. श्रीमती नेम्मी	1,843.50 रुपये
19. श्रीमती चालू 20. श्रीमती जुपी	1,557 रुपए
21. श्री उत्तम राम	168.75 रुपए
22. श्रीमती चिकमी	168.75 रुपए

बरुआ पलयान

23. तहसीलदार कुल्लू (राज्य सरकार की भूमि के लिए)	8,877.50 रुपए
24. श्री बुधु राम 25. श्री बोलू	67,502.50 रुपए

26. श्री मोती राम 27. श्री भीमी राम	3,070.50 रुपए
28. श्रीमती डोली 29. श्रीमती भीकमी	723.60 रुपए
30. श्रीमती पुष्पा देवी 31. श्री हरदास्सी	511.80 रुपए
32. श्री नथु 33. श्री ललू	4,606.20 रुपए
34. श्री रूल्डू 35. श्री राम दास	20,770 रुपए
36. श्री उत्तम चन्द	6,281.25 रुपए
37. श्री खेम राम 38. श्री तेती सिंह	6.281.25 रुपए
39. श्रीमती रामी	3,238.33 रुपए
40. श्रीमती चिकमी	3,238.33 रुपए
41. श्रीमती अल्मी	3,238.33 रुपए

Main Battle Tank Project

1017. SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE:
SHRI RAJUBHAI A. PARMAR:
SHRIMATI VEENA VERMA:

Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) what is the present stage of development of the Main Battle Tank Project;

(b) wheher the same has been successfully test fired; and

(c) if not, what shortcomings have come in its way?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI SHARAD PAWAR): (a) Twelve prototypes including two fully integrated prototypes have been fabricated which have undergone R&D-cum-user trials for automotive and weapon systems. Two pre-production series tanks have been manufactured by Heavy Vehicle Factory (HVF). Four more pre-production series tanks, two each by BEML and BHEL, are under manufacture and are likely to be ready by December,

(b) and (c) The two pre-production series tanks manufactured by HVF have been subjected to extensive user assisted technical trials at Balasore and Suratgarh. The results obtained were encouraging. However, certain short-comings were noticed which have since been rectified.

CAG report on Army Recruitment

1018. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state the follow up action taken by Government on